
# बैतूल जिला

नवभारत

भोपाल, बुधवार, 13 अगस्त 2025

एक नजर में

## प्रभारी मंत्री स्वतंत्रता दिवस पर करेंगे ध्वजारोहण

**बैतूल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य जिला स्तरीय समारोह का आयोजन 15 अगस्त को स्थानीय पुलिस ग्राउंड में किया जाएगा। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा स्वतंत्रता दिवस की बधाई संदेश का वाचन करेंगे। ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस, एनसीसी, स्काउट-गाइड एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य परेड का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम, देशभक्ति एवं प्रदेश की संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समारोह में जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, छात्र, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली आज

**बैतूल।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा 13 अगस्त को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम से प्रात: 8.30 बजे भव्य तिरंगा रैली निकाली जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि तिरंगा रैली लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम से प्रारंभ होंगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकलेगी। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों तथा नागरिकों से तिरंगा रैली में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## युवा संगम के तहत रोजगार मेला आज

**बैतूल।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई व जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 13 अगस्त को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रात: 11 बजे से आयोजित रोजगार मेले में 9 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से रोजगार मेले में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड पुणे में उत्पादन एवं गुणवत्ता के 80 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक हेल्पर के 100 पदों, यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों, वर्धमान फैब्रिक प्राइवेट लिमिटेड बुधनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों, आरएफएमआई ग्रुप भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड मैनेजर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं स्नातक होना अनिवार्य है। इसी तरह क्रैस कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड पुणे में मशीन ऑपरेटर के 50 पदों के लिए योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा तथा पीएनजी प्राइवेट लिमिटेड मंडीदीप में मशीन ऑपरेटर के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक हेल्पर के 25 पदों के लिए योग्यता आठवीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा होना अनिवार्य है।

# जनसुनवाई : भूमि विवाद के प्रकरण में एसडीएम को दिए जांच के निर्देश

**बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं।**

**जनसुनवाई में शेषराव को मिला न्याय**

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं**

इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम सोनोरा निवासी शेषराव ने आवेदन के माध्यम से कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को बताया कि तहसीलदार के तीन बार आदेश होने के बावजूद संबंधित पटवारी द्वारा उनकी भूमि पर आवागमन के लिए रास्ता नहीं खुलवाया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि वे 2 वर्षों से परेशान है। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एसडीएम मुलताई को प्रकरण की जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित पटवारी को निलंबित किया जाएं। इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि एक ही शिकायत के निराकरण के लिए आवेदकों को बार-बार जनसुनवाई में न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के



ग्राम डिवटिया निवासी हीराबाई ने अनावेदकों का गलत सीमांकन किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण की जांच कर जल्द से जल्द सीमांकन किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम चोपना निवासी नित्यानंद सरकार ने आवेदन के माध्यम से फर्जी प्रमाण पत्र एवं पट्टा बनाए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने शाहपुर एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम पाढर निवासी महेश ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरुस्त किए जाने के लिए आवेदन दिया। आवेदन पर कलेक्टर ने शाहपुर एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### फर्जी पट्टा और प्रमाण पत्र पर दिए जांच के निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम डिवटिया निवासी हीराबाई ने अनावेदकों का गलत सीमांकन किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण की जांच कर जल्द से जल्द सीमांकन किए जाने के निर्देश दिए। ग्राम चोपना निवासी नित्यानंद सरकार ने आवेदन के माध्यम से फर्जी प्रमाण पत्र एवं पट्टा बनाए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम पाढर निवासी महेश ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरुस्त किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### पीएम आवास योजना के प्रकरण में एसडीएम को दिए जांच के आदेश

जनसुनवाई में आमला तहसील निवासी लक्ष्मण राठौर ने जनसुनवाई में आवेदन देकर पीएम आवास योजना के तहत लिस्ट में नाम आने के बाद भी योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आमला में रमेश देशमुख बाबू को प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एसडीएम को पूरी जांच कर तत्काल आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। चिचोली तहसील के ग्राम मलाजपुर निवासी बतसया बिसोने ने आवेदन के माध्यम से पुत्र के द्वारा मारपीट कर घर से निकल जाने की शिकायत की। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार और एसडीएम को भरण पोषण अधिनियम के तहत सहायता देकर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

# भारत माता के जयकारों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**मुलताई। नागरिकों को तिरंगे के प्रति जागरूक कर देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से नगर में मंगलवार की दोपहर कृषि उपज मंडी से तिरंगा यात्रा निकाली गई।**

**रैली में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल**

**यात्रा में करीब एक सैकड़ा ट्रैक्टर हुए शामिल**


तिरंगा यात्रा को लेकर नगर को तिरंगे से सजाया गया था। यात्रा में करीब एक सैकड़ा से अधिक ट्रेक्टर शामिल हुए है, वहीं स्कूल के



विद्यार्थी भी भारत माता के जयकारों के साथ हाथ तिरंगा लेकर शामिल हुए। यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जनपरिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर, भास्कर मगरदे, गणेश साहू, उपेंद्र पाठक, नमन अग्रवाल, राजू जैन, सौरभ दूबे, कीर्ति यादव, निखिल जैन, राजेश पाठक, महेंद्र पिल्लू जैन, हनी शोभित भार्गव, सहित भाजपा पार्षद, सहित एसडीएम राजीव कहार, टीआई देवकरण डहेरिया समेत नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों शामिल हुए है। तिरंगा यात्राकृषि मंडी प्रांगण से निकलकर डॉ बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक चंद्रशेखर देशमुख सहित स्थानीय नेताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद यात्रा फव्वारा चौक से जयस्तम्भ चौक, शहीद स्तम्भ, दीनदयाल प्रतिमा स्थल होते हुए बस स्टेण्ड के अंदर से होते हुए कामधेनु चौक, नागदेव मंदिर से वापस कृषि उपज मंडी पहुंची जहां तिरंगा यात्रा का समापन किया गया।

# वरिष्ठ नागरिक को सायबर ठगी से पुलिस ने बचाया

**बैतूल।** गंज क्षेत्र में एक वरिष्ठ नागरिक के साथ होने वाले बड़े साइबर फ्रॉड के प्रयास को थाना कोतवाली और साइबर सेल बैतूल ने त्वरित कार्रवाई और सजगता से विफल कर दिया। वरिष्ठ नागरिक अशोक कुमार जैन उम्र 70 वर्ष के मोबाइल पर फर्जी बैंक एप इंस्टॉल करवाने और ओटीपी प्राप्त करने की कोशिश की जा रही थी। खतरे को भांपते ही श्री जैन ने तुरंत पुलिस से संपर्क किया। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली प्रभारी रविकांत डेहरिया अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और साइबर सेल बैतूल से दीपेन्द्र सिंह ने तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान की। पुलिस टीम ने



न केवल फर्जी एप हटवाया बल्कि श्री जैन को साइबर सुरक्षा और जागरूकता संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी। पुलिस की फुर्ती और प्रोफेशनलिज़्म के कारण किसी भी प्रकार की आर्थिक हानि नहीं हुई। पुलिस विभाग ने अनजान लिंक, ई-मेल या फाइल पर क्लिक न करें। ओटीपी, पासवर्ड या बैंक जानकारी किसी से साझा न करें। संदिग्ध गतिविधि की तुरंत थाना या साइबर सेल को सूचना दें। पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल एन. झारिया ने थाना कोतवाली टीम व साइबर सेल के संवेदनशील कार्य की सराहना की है।

# सावलमेंढा में निकली तिरंगा रैली क्षेत्रीय विधायक रहे सम्मिलित

**भैंसदेही।** हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत भैंसदेही विधानसभा के मंडल केंद्र सावलमेंढा में तिरंगा रैली निकाली गयी जिसमे क्षेत्रीय विधायक महेंद्रसिंग चौहान भी सम्मिलित रहे। इसके पूर्व मंडल के ही ग्राम पिपलनाकला, खोमई से तिरंगा बाइक रैली निकाली गई जो कि जनोना, धाबा, चिचढाना, कोथलकुण्ड होकर सावलमेंढा पहुची जिसमे ग्रामीण कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। तिरंगा रैली का प्रारंभ पीएम श्री स्कूल सावलमेंढा परिसर में एकत्रीकरण के पश्चात हुआ जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल में स्थित सरस्वती प्रतिमा की पूजा अर्चना एवं परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर स्कूली स्टाफ द्वारा भी क्षेत्रीय विधायक का तिलक लगाकर स्वागत-सत्कार किया गया। तिरंगा रैली में जनजाति पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज लिए स्कूली बच्चे भी सम्मिलित हुए जिसमे भारतमाता की झांकी भी रही जो कि ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर पहुची जहां समापन किया गया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष यशवंती संजय धूर्वे, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शिवहरे, प्रह्लाद देशमुख, कमल धूर्वे, दशरथ आर्य आदि सम्मिलित रहे।

# सड़क रिनिवल में अनियमितता, उखड़ी परत

**सारनी। नगर पालिका क्षेत्र में 2.0 के तहत 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से कई सड़कों पर रिनिवल कोड डाला गया था।**

**घटिया निर्माण से लोगों में नाराजगी**

**निर्माण की जांच एवं कार्रवाई किए जाने की मांग**

इसी योजना के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के सामने स्थित सड़क पर भी छह माह पूर्व रिनिवल कोड चढ़ाया गया था। लेकिन महज आधे साल में ही सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि जगह-जगह कोड उखड़ गया है



और गड्ढे दिखाई देने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इंजीनियर और ठेकेदार की मिलीभगत से घटिया सामग्री और लापरवाहीपूर्वक कार्य किया गया, जिसके कारण सड़क इतनी जल्दी जर्जर हो गई। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब करोड़ों रुपये खर्च किए गए, तो सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब क्यों है। नगरवासियों ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में जनता के पैसों की बर्बादी न हो।

# सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली 20 पंचायत को किया सम्मानित

**बैतूल।** पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र मुलताई के तत्वावधान में जनपद पंचायत बैतूल के सभाकक्ष में 20 ग्राम पंचायत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन एवं शीर्ष 20 ग्राम पंचायत को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कृष्णा लोखण्डे, जनपद पंचायत सदस्य मुकुंदराव धोटे, पिंटु काकोड़िया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैतूल सुश्री शिवानी राय एवं जिला पंचायत से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज्य अभियान के डीपीएम संदीप कुमार परिहार, जिला समन्वयक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुश्री शिवानी राय द्वारा कहा गया कि आगे ग्राम पंचायतें 2.0 में अच्छा और बेहतर प्रयास करेंगी और श्रेष्ठ स्कोर अर्जित करेंगी। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान डीपीएम ने बताया कि पीएआई 1.0 वित्तीय वर्ष 2022- 23 के लिए लागू किया गया है। 9 अप्रैल 2025 को पीएआई 1.0 के तहत पंचायत को प्राप्त स्कोर रिलीज हुआ है। देश के सभी पंचायत का रिपोर्ट कार्ड विषयगत और समग्र स्कोर पीएआई पोर्टल पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

# सब्सिडी स्कीम को लेकर आयोजित हुई बैठक

**भैंसदेही। गत दिनों जनपद पंचायत भैंसदेही के सभा कक्ष में प्रधानमंत्री 2.0 आवास योजना शहरी इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक की अध्यक्षता मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना सिंह राठौर द्वारा की गई। बैठक में नगरी निकाय क्षेत्र के समस्त बैंकर्स की उपस्थिति में इस योजना के तहत अधिक से अधिक प्रकरणों को बनाकर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिए जाने हेतु चर्चा की गई। आवास सब्सिडी के रूप में 1 लाख 80 हजार का शासन की ओर से अनुदान आवास ऋण प्रतिवर्ष



अनुसार नियमानुसार हितग्राहियों को प्रदान किया जावेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि योजना का प्रचार-प्रसार बैनर और होर्डिंग के माध्यम से निकाय क्षेत्र में किया जाएगा। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास ऋण पर ब्याज सब्सिडी के रूप में लाभ प्रदान करेगे। हितग्राहियों को अपने आवास की आवश्यकता को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री 2.0 आवास योजना शहरी इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास ऋण पर ब्याज सब्सिडी के रूप में लाभ प्रदान किया जाएगा।

# आज़ादी के महत्व को आम जनता तक पहुंचाने निकाली तिरंगा यात्रा

**भैंसदेही।** भैंसदेही में मंगलवार को नगर परिषद एवं सामाजिक संगठन के साथ संदीपनी विद्यालय और पीएमश्री विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा का संयुक्त रूप से आयोजन किया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य आज़ादी के महत्व को आम जनता तक पहुंचाना था। तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान साई मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के बस स्टैंड से होते हुए शीतला चौक से बाजार चौक तक निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और आम नागरिक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य आम जनता में देशभक्ति की भावना को जगाना



और आज़ादी के महत्व को समझाना था। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया और तिरंगा लहराया। तिरंगा यात्रा में सामाजिक संगठनों की भी भागीदारी रही। सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति का प्रदर्शन किया। शासन आदेशानुसार नगर परिषद भैंसदेही द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी उपाध्यक्ष कुसुम सिंह किलेदार समस्त पार्षदगणो एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री रीना सिंह राठौर के निर्देशानुसार नगर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें नगर के समस्त गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, स्कूली छात्र-छात्राओं समाजिक संगठन पत्रकार गण ने हाथो में तिरंगा लेकर भारत माता के जयकारे लगाते हुऐ तिरंगा यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। तिरंगा यात्रा का प्रारंभ नगर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्यान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख पारंपरिक मार्गो से होकर गुजरी जगह जगह तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। डी.जे. की धुन के साथ तथा क्षेत्र की आदिवासी लोक कला संस्कृति के आदिवासी कलाकारों द्वारा सुन्दर वेषभुषा ढोल डमाकों की गुंज नगरवासियों के आकर्षण का केन्द रही।

**बैठक** 15 नवंबर तक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में संचालित सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जाएगी

# जनजातीय ग्रामों के विकास के लिए बनेगा विजन प्लान 2030

**बैतूल। जिले के जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में सुशासन का प्रभावी सिस्टम लागू करने, इन क्षेत्रों में योजनाओं की सेचुरेशन, विकास कार्यों की जन आधारित प्लानिंग और समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है।**

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में सभी जिला अधिकारियों को अभियान के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते



हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में जनहितैषी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आदि कर्मयोगी अभियान केन्द्र सरकार की अभिनव पहल है। सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अभियान के संबंध में जारी निर्देशों, जिसमें प्रमुख रूप से आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी के गठन की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित कराए। साथ ही प्रत्येक ग्राम स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिए आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना करें और यहां साप्ताहिक एक घंटे की जनसुनवाई का सिस्टम भी लागू किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने अभियान के लक्ष्य और कार्य योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी का गठन किया जाना है। जिले के विभिन्न विकास संबंधी विभागों के जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय कर्मचारी आदि कर्मयोगी होंगे। इसी प्रकार ग्रामों के स्थानीय अध्यापक, चिकित्सक एवं युवा आदि सहयोगी कहलाएंगे जिनका चयन ग्रामीणों द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार क्षेत्रीय स्व सहायता समूह की महिलाएं जनजातीय वर्ग के बुजुर्ग एवं वालंटियर का आदि साथी के रूप में चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 15 नवंबर 2025 तक जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में योजनाओं का शत प्रतिशत सेचुरेशन, ग्रामीण स्तरीय विजन प्लान-2030 का निर्माण, योजनाओं की जानकारी एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आदि सेवा केन्द्र की स्थापना एवं इन क्षेत्रों में एक घंटे की साप्ताहिक जनसुनवाई किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीईओ जिला पंचायत श्री जैन ने बताया कि अभियान की सतत मॉनिटरिंग के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय मॉनिटरिंग सेल का गठन किया जाएगा। मॉनिटरिंग सेल के अंतर्गत संबंधित नोडल अधिकारी होंगे एवं सदस्य के रूप में मास्टर ट्रेनर व गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि होंगे।





